# लेके पूजा की थाली

लेके पूजा की थाली ज्योत मन की जगा ली,
तेरी आरती उतारू भोली माँ,
तू जो देदे सहारा सुख जीवन का सारा,
तेरे चरणों पे वारु भोली माँ,
ओ माँ ओ माँ ..

धुले तेरे चरणों की लेकर माथे तिलक लगाया,
यही कामना लेकर मइयां द्वारे तेरे आया,
रहु मैं तेरा होके तेरी सेवा में खो के सारा जीवन गुजारु देवी माँ,
तू जो दे दे सहारा सुख जीवन का सारा तेरे चरणों पे वारु देवी माँ,

सफल हुआ ये जन्म के मैं था जन्मो से कंगाल,
तूने भक्ति का धन देके कर दियां मालामाल,
रहे जबतक ये प्राण करूँ तेरा ही ध्यान नाम तेरा पुकारू भोली माँ,
तू जो दे दे सहारा सुख जीवन का सारा तेरे चरणों पे वारु देवी माँ,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7197/title/leke-puja-ki-thaali-jyot-man-ki-jagaa-li-teri-aarati-utaru-bholi-ma

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |